धन्नीलाल / मांगूलाल मु.नं. 125/20

20/10/23 पत्रावली पेश हुई। वकील उभयपक्ष उप। पत्रावली का
ध्यान पूर्वक अवलोकन किया गया पत्रावली में विवादित
आराजी के संबंध में तहसीलदार लालसोट की ओर से
निशानदेही रिपोर्ट पेश है जिस पर वादी पक्ष को कोई आपत्ति नहीं
अतः तहसीलदार लालसोट द्वारा प्रस्तुत निशानदेही रिपोर्ट
स्वीकार कर एवं प्रकरण उपरोक्त [illegible] अंतिम रूप
से डिक्री पारित की जाती है। निर्णय पृथक से लिखकर
पत्रावली शामिल किया गया निर्णय व अंतिम डिक्री
[illegible] की एक एक प्रति पालना हेतु तहसीलदार
लालसोट को भिजवाई जावे। पत्रावली बाद तकमील
दाखिल दफ्तर हो। निर्णय सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
लालसोट जिला दौसा (राज.)

Scanned with CamScanner

# न्यायालय उपजिला कलेक्टर, लालसोट जिला दौसा

मुकदमा संख्या– 125 / 2020

प्रविष्ठि दिनांक :– 12.11.2020

पीठासीन अधिकारी : नरेन्द्र कुमार मीना (आर.ए.एस.)

घासीलाल व अन्य बनाम पांचूराम व अन्य

**वाद भूमि विभाजन व स्थायी निषेधाज्ञा**
**अ0 धारा 53 व 188 रा0 का0 अधि0**

**:निर्णयः**

दिनांकः– 20/10/23

उपस्थितः– वादीपक्ष अधिवक्ताः– श्री के0 के0 सैनी एडवोकेट
प्रतिवादी पक्ष के विरूद्व एकतरफा कार्यवाही

पत्रावली प्रस्तुत हुई। अधिवक्ता वादीगण श्री के0 के0 सैनी उप0। विभाजन प्रस्ताव के संबंध में वादीपक्ष अधि0 को सुना गया। पत्रावली पर ध्यानपूर्वक अध्ययन एवं मनन किया गया एवं संबंधित विधि का अवलोकन किया गया। वादी अधि0 द्वारा दौराने बहस कथन किया गया कि तहसीलदार लालसोट की ओर से प्रस्तुत विभाजन प्रस्ताव राजस्व मण्डल के नियम 18 से 21 के तहत बनाये गया है जो कि मौके पर आधिपत्यनुसार एवं रकबेनुसार बाई मीटस एवं बाउण्डस मौके पर जाकर तैयार किये गये है जिसके संबंध में निर्धारित प्रपत्र में तथा प्रतिवादी को जरिये नोटिश पूर्व सूचना भी दी गई है इसलिये तहसीलदार लालसोट की ओर से प्रस्तुत विभाजन प्रस्ताव को स्वीकार करते हुये विभाजन प्रस्ताव अनुसार अन्तिम डिक्री जारी करने का निवेदन कि गया। पत्रावली के अवलोकन एवं संबंधित विधि अनुसार हम वादी पक्ष से सहमत है तथा तहसीलदार लालसोट की ओर से प्रस्तुत विभाजन प्रस्ताव में तथ्य एवं विधि की कोई भूल प्रकट नही होती है इसलिये तहसीलदार लालसोट की ओर से प्रस्तुत विभाजन

उपखण्ड अधिकारी
... जिला दौसा (राज0)

Scanned with CamScanner

प्रस्ताव को स्वीकार किया जाकर मुताबिक विभाजन प्रस्ताव प्रकरण को अंतिम तौर पर इस आशय से निर्णित किया जाकर तहसीलदार लालसोट की आरे से प्राप्त विभाजन प्रस्ताव अनुसार विवादित भूमियो का विभाजन कर पृथक–पृथक खाता व लगान सरकारी कायम किया जाकर निम्न प्रकार अन्तिम डिक्री पारित की जाती है।

| क्र0 सं0 | नाम खातेदार | ख0 नं0 | रकबा बीघा /बिस्वा | किस्म | लगान | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | घासीलाल मोहरसिंह रूपसिंह पि0 कल्याण लक्षमा पत्री कल्याण जाति सा0 देह खातेदार राहिन आई. सी.आई.सी.आई बैंक शाखा लालसोट | 33/1<br>33/3<br>33/4<br>33/7<br>33/9 | 1.03<br>0.10<br>0.03<br>0.19<br>1.04 | | | संलग्न नक्शे में वर्णित है। |
| | **योग** | **किता –5** | **3.19 बीघा** | | **2.37** | |
| 2 | पंचूराम पुत्र श्रीया हि. 1/4 गोपाल, गेन्दालाल पि0 देवा हि0 1/10 विश्राम पुत्र रंगलाल हि0 1/20 तीजोदेवी पत्नी हरलाल हि0 21/122 घासी लाल, मोहरसिंह रूपसिंह पि0 कल्याण, लक्ष्मा पुत्री कल्याण हि0 80/122, गिर्राज गजराज पि0 भोरया हि0 14/122 भूली पत्नी भौरया हि0 | 33/5 | 0.08 | | 0.24 | रास्ते के उपयोग |

उपखण्ड अधिकारी
लालसोट जिला दौसा (राज0)

Scanned with CamScanner

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7/122 दर हि0 1/4 रामजीलाल अर्जुन पि0 देवा हि0 1/10 धन्ना लाल पुत्र रामदेवा हि0 1/4 जाति गुर्जर सादेह. खातेदार रहन बदस्तूर संलग्न जमाबंदी अनुसार | | | | | |
| | योग | किता –1 | 0.08 बी. | | 0.24 | |
| 3 | पांचूलाल पुत्र श्रीया हि0 757/2529 गोपाल, गेन्दालाल पि0 देवा हि0 603/5058 विश्राम पुत्र रंगलाल हि0 602/10116 तीजोदेवी पत्नी हरलाल हि0 259/5058 गिर्राज गजराज पि0 भौरया हि0 177/5058 भूली पत्नी भौरया हि0 87/5058 रामजीलाल अर्जुन पि0 देवा हि0 603/5058 धन्नालाल पुत्र रामदेवा हि. 757/2529 कौम गुर्जर सादेह खातेदार रहन बदस्तूर जमाबंदी | 33/2<br>33/6<br>33/8<br>33/10 | 15.02<br>3.02<br>1.12<br>0.04 | | | संलग्न नक्शे में वर्णित है |
| | योग | किता–4 | 20 बीघा | | 12.02 | |
| 4 | कल्याण पुत्र श्योनारायण जाति गुर्जर सादेह खातेदार | 6/2<br>148/1811<br>32/1 | 0.06<br>0.08<br>0.12 | बा0 I | 1.70 | संलग्न नक्शे में वर्णित है |

उपखण्ड अधिकारी
लालसोट जिला दौसा (राज0)

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | राहिन आई.सी.आई.सी. आई शाखा लालसोट | 37/1 | 0.06 | | | |
| | | 37/5 | 1.00 | | | |
| | | 37/7 | 0.16 | | | |
| | | 37/3 | 1.13 | | | |
| | | 34/1 | 0.01.10 | | | |
| | **योग** | **किता 8** | **1.02.10** | | **7.54** | |
| 5 | गेपाल, गेन्दालाल पि. देवाहि. 1556/14258 विश्राम पुत्र रंगलाल हि. 778/14258 धन्नालाल पुत्र रामेदवा हि. 3888/14258 पांच्या पुत्र श्रीया हि. 3388/14258 रामजी लाल अर्जुन पि0 देवा हि0 1556/14258 गिर्राज गजराज पि0 भौरया हि0 864/14258 मूली पत्नी भौरया हि. 432/14258 सुरज्ञान खुशलाल पि. हरलाल हि. 1296/14258 जाति गुर्जर सा. देह खातेदार राहिन बदस्तूर जमाबंदी | 6/1 | 2.19 | | | संलग्न नक्शे में वर्णित है |
| | | 148/18/2 | 4.14 | | | |
| | | 32/2 | 6.17 | | | |
| | | 34/2 | 0.04.10 | | | |
| | | 36 | 0.07 | | | |
| | | 37/4 | 0.12 | | | |
| | | 37/6 | 0.17 | | | |
| | | 37/2 | 39.17 | | | |
| | **योग** | **किता 8** | **56.07.10** | | **83.98** | |

उपरोक्त विभाजन अनुसार उभय पक्ष अपने अपने हिस्से पर काबिज रहेगें तथा उपरोक्त विवरण अनुसार अंतिम मूर्तत होगे तथा नक्शा कुर्रेजात डिक्री का पार्ट रहेगे। तथा प्रतिवादी सं0 1 लगायत को जरिये स्थायी निषेधाज्ञा के लिये सदैव के लिये पाबन्द किया जता है कि वे वादीगण के कब्जे काश्त बुवाई जुताई कृषि

उपखण्ड अधिकारी
लालसोट जिला दौसा (राज0)

Scanned with CamScanner

सुधार एवं विकास कार्य करने कराने मे दखलन्दाजी नही करेगे न हि किसी अन्यसेकरवायेगे। तदनुसार पर्चा अंतिम डिकी जारी हो। तहसीलदार लालसोट को आदेश व अन्तिम डिकी की प्रति व एक प्रति विभाजन प्रस्ताव के साथ पालना हेतु अविलम्ब भिलवाया जावे। चूंकि प्रकरण में अब कोई कार्यवाही शेष नही है अतएव पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद क्षतिपूर्ति नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 20/10/23 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय मे सुनाया गया।

(नरेन्द्र कुमार मीना)
आर.ए.एस.
उपखण्ड अधिकारी
उपखण्ड अधिकारी (राज०)
लालसोट जिला दौसा
लालसोट जिला दौसा

Scanned with CamScanner